छिंदवाड़ा | बुधवार | 17 जुलाई 2024 | वर्ष 24 | अंक 115 | पृष्ठ 12 | मूल्य रु. 5.00 navabharat.com twitter.com/Nava_Bharat fb.me/NavaBharat.Social

# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी १९३४ से



5 धामी ने शहीदों के नाम पर रोपे पौधे



6 अमेरिका का अभिशाप है गन कल्चर



7 चीनी उद्योग में एमएसपी वृद्धि की मांग



8 पांड्या होंगे टी20 टीम के कप्तान

# कैप्टन समेत चार जवान शहीद

**8.30** बजे एक खोज दल ने चलाया अभियान | **26** जून को तीन आतंकवादियों को मार गिराया था सेना ने | **11** जून को छत्तर गली हमले को कर दिया था विफल

- जम्मू-कश्मीर आतंकियों के साथ मुठभेड़
- डोडा जिले में सेना का सर्च ऑपरेशन जारी

**जम्मू, 16 जुलाई (वार्ता) जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान के दौरान एक कैप्टन समेत चार सैन्यकर्मी शहीद हो गये। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी.**

जम्मू स्थित रक्षा मंत्रालय के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) सुनील बर्तवाल ने कहा कि सोमवार रात 8.40 बजे एक खोज दल ने डोडा क्षेत्र से 10 किमी उत्तर में उरारबग्गी में आतंकवादियों को छिपे हुए होने की सूचना पर अभियान शुरू किया. वह इलाका घने जंगलों वाला और पहाड़ी क्षेत्र है और बादलों व बारिश के कारण दृश्यता सीमित है. उन्होंने कहा,



शुरुआती गोलीबारी में, सेना के चार जवान घायल हो गए, जिन्होंने बाद में दम तोड़ दिया. आतंकवादियों को खदेड़ने के लिए अतिरिक्त सैनिक और उपकरण बुलाए गए एवं ड्रोन तथा अन्य तकनीकी संसाधनों का उपयोग सुनिश्चित किया जा रहा है. कैप्टन ब्रिजेश थापा, नायक डी राजेश, सिपाही बिजेंद्र और सिपाही अजय. पीआरओ ने कहा, सेना उन विदेशी आतंकवादियों को खत्म करने के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ संयुक्त और समन्वित अभियान चला रही है, जो घुसपैठ कर चुके हैं तथा उधमपुर, डोडा, किश्तवाड़ एवं भद्रवाह जिलों के ऊपरी इलाकों और उसके बाद कश्मीर घाटी की ओर बढ़ रहे हैं. उन्होंने कहा कि इसी तरह के ऑपरेशन कठुआ क्षेत्र में लगातार चलाए जा रहे हैं. उन्होंने कहा, हाल के दिनों में कई ऑपरेशनों के परिणामस्वरूप 26 जून को गंदोह में तीन आतंकवादियों को मार गिराया गया, साथ ही 11 जून को छत्तर गली आतंकवादी हमले को भी सफलतापूर्वक विफल कर दिया गया.

### जल्द लेंगे बदला : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट किया, डोडा (जम्मू-कश्मीर) में आतंकवाद विरोधी अभियान में हमारे बहादुर और साहसी भारतीय सेना के जवानों के शहीद होने पर मुझे गहरा दुख हुआ है. मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिवारों के साथ हैं. राष्ट्र हमारे उन सैनिकों के परिवारों के साथ मजबूती से खड़ा है जिन्होंने कर्तव्य निभाते हुए अपने प्राणों की आहुति दी. आतंकवाद विरोधी अभियान जारी हैं और हमारे सैनिक आतंकवाद के अभिशाप को खत्म करने और क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं.

### केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने दुख व्यक्त किया

केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया,मेरे लोकसभा क्षेत्र में जिला डोडा के देसा इलाके में सशस्त्र मुठभेड़ों की खबरों से बेहद परेशान हूं. उन्होंने कहा, हमारे बहादुरों की शहादत पर शोक व्यक्त करने लिए शब्द कम पड़ रहे हैं. आइए हम सभी मिलकर दुश्मन के नापाक मंसूबों को हराएं.

### सीएम यादव ने श्रद्धांजलि अर्पित की

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जम्मू कश्मीर के डोडा क्षेत्र में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद जवानों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की है।डॉ यादव ने सोशल मीडिया एक्स के जरिए कहा कि डोडा क्षेत्र में सेना के वीर जवानों के शहीद होने का समाचार अत्यंत दुखदायी है.



अर्जेंटीना ने जीता कोपा अमेरिका 2024!

## हमारे जवान भुगत रहे खामियाज़ा

**नई दिल्ली, 16 जुलाई.** नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, जम्मू कश्मीर में फिर से एक आतंकी मुठभेड़ में हमारे जवान शहीद हो गए. शहीदों को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिजनों को गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं. एक के बाद एक ऐसी भयानक घटनाएं बेहद दुखद और चिंताजनक है.

आगे कहा, लगातार हो रहे ये आतंकी हमले जम्मू कश्मीर की जर्जर



स्थिति बयान कर रहे हैं. भाजपा की गलत नीतियों का खामियाजा हमारे जवान और उनके परिवार भुगत रहे हैं. हर देशभक्त भारतीय की यह मांग है कि सरकार बार-बार हो रही सुरक्षा चूकों की पूरी जवाबदेही ले कर देश और जवानों के गुनहगारों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करे.

### एक नजर में



#### दिग्विजय सिंह की हाईकोर्ट में याचिका

**राजगढ़, 16 जुलाई.** राजगढ़ लोकसभा चुनाव में हुई गड़बड़ी को लेकर मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है. मंगलवार को जबलपुर पहुंचे दिग्विजय सिंह अपने समर्थकों और वकील के साथ हाईकोर्ट गए, जहां उन्होंने याचिका दायर की है.

#### तिहाड़ जेल में बंद कविता की बिगड़ी तबियत

**नई दिल्ली.** दिल्ली शराब घोटाले मामले में तिहाड़ जेल में बंद बीआरएस नेता के कविता की तबियत खराब हो गई. इसके बाद उन्हें तिहाड़ से डीडीयू अस्पताल में भर्ती कराया गया है. के कविता कई बार अपनी जमानत को लेकर अदालत से गुहार लगा चुकी हैं. लेकिन अब तक उन्हें अदालत से कोई राहत नहीं मिली है. के कविता के लेकर ईडी का दावा है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं के लिए विजय नायर और दूसरे लोगों को साउथ ग्रुप ने 100 करोड़ की रिश्वत दी थी. कविता, इस साउथ ग्रुप का हिस्सा थीं. इस ग्रुप में दक्षिण के राजनेता, नौकरशाह और कारोबारी हैं.

#### हाईकोर्ट ने लगाई सरकार पर 50 हजार की कॉस्ट

**जबलपुर.** सरकार द्वारा जवाब पेश नहीं किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है. हाईकोर्ट जस्टिस राज मोहन सिंह तथा जस्टिस डी एन मिश्रा की युगलपीठ ने सरकार पर 50 हजार की कॉस्ट लगाते हुए सरकार को जवाब पेश करने समय प्रदान किया है. युगलपीठ ने एमपीपीएससी को वर्ष 2019 तथा 2020 की परीक्षाओं के लिए दो वर्गों की होल्ड 13 प्रतिशत चयनात्मक उम्मीदवारों की सूची जारी करने के निर्देश दिये हैं. याचिका पर अगली सुनवाई 31 जुलाई को निर्धारित की है.

#### धर्म, समाज और राष्ट्र से बड़ा कोई जगद्गुरु नहीं

**नई दिल्ली.** रिलायंस इंडस्ट्री के मालिक मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत अंबानी की शादी में शामिल हुए दो शंकराचार्यों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है. जूना अखाड़ा के महंत नारायण गिरी ने शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि शंकराचार्य कभी भी किसी उद्योगपति की शादी में नहीं जाते हैं. महंत नारायण गिरी ने शंकराचार्य के उस बयान का खंडन किया है जिसमें उन्होंने कहा था कि उद्धव ठाकरे के साथ विश्वासघात हुआ है. उन्होंने कहा कि शंकराचार्य कभी भी उद्योगपतियों की शादी में नहीं जाते.

### गुस्ताखी माफ




## 30 सैनिकों पर चलेगा मुकदमा

### नागालैंड सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

**नई दिल्ली, 16 जुलाई. नागालैंड सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की थी. इसके तहत नागालैंड की सरकार ने 3 साल पहले राज्य के मोन क्षेत्र में 13 आम नागिरकों की हत्या के मामले में 30 सैनिकों पर कार्रवाई की गुहार लगाई है.**

अब इस मामले में कोर्ट ने नागालैंड केंद्र और रक्षा मंत्रालय से जवाब मांगा है. चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने दलील सुनने के बाद इसे लेकर सोमवार को केंद्र और रक्षा मंत्रालय को नोटिस भी जारी किया था.

#### पुख्ता सबूत होने का दावा

राज्य सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका दायर की है. इस अनुच्छेद के तहत मौलिक अधिकारों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए याचिका दायर की जा सकती है. राज्य सरकार ने अपनी याचिका में दावा किया है कि उनके पास एक मेजर सहित सेना के जवानों के खिलाफ पुख्ता सबूत हैं, फिर भी केंद्र सरकार ने मनमाने ढंग से उन पर मुकदमा चलाने के मंजूरी देने से इनकार कर दिया है.

## कर्ज न चुकाने वालों को डिफॉल्टर घोषित करने से पहले दें पर्याप्त समय

**नई दिल्ली, 16 जुलाई.** भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंक और कर्ज देने वाले संस्थानों से कहा है कि कर्ज लेकर नहीं चुकाने वालों के खातों को धोखाधड़ी के रूप में वर्गीकृत करने से पहले पर्याप्त समय दें. ऐसे खाताधारकों का पहले जवाब सुनें. साथ ही ग्राहकों को धोखाधड़ी की पूरी जानकारी के साथ कारण बताओ नोटिस भी जारी करना होगा. आरबीआई ने सोमवार को जारी सर्कुलर में कहा, डिफॉल्टर व्यक्तियों या संस्थाओं को कारण बताओ नोटिस का जवाब देने के लिए कम से कम 21 दिन का समय देना चाहिए.

## सीबीआई ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

- एक आरोपी बिहार और दूसरा झारखंड का रहने वाला है
- नीट पेपर परीक्षा में चोरी किए प्रश्नपत्रों को बांटने में था शामिल

**पटना, 16 जुलाई. केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले दो और लोगों को गिरफ्तार की है. दोनों आरोपियों को पटना और हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है. पटना से गिरफ्तार किए गए पहले आरोपी पंकज सिंह उर्फ आदित्य ट्रंक से नीट का प्रश्नपत्र चुराया था. जबकि, हजारीबाग से गिरफ्तार दूसरा आरोपी राजू सिंह चोरी किए गए प्रश्नपत्रों को बांटने में शामिल था.**




रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंकज कुमार उर्फ आदित्य ने जिस ट्रंक से पेपर जा रहा था, उसमें से ही पेपर चोरी किया था. इसके बाद उस पेपर को पंकज का साथी राजू सिंह ने ही बांटा था. बताया जा रहा है कि पंकज झारखंड के बोकारो का रहने वाला है और जमशेदपुर से पढ़ाई की है. लेकिन सीबीआई ने पंकज कुमार को पटना से गिरफ्तार किया है. जबकि, राजू सिंह को हजारीबाग से गिरफ्तार किया गया है. सीबीआई ने इस मामले में आशुतोष , मुकेश, डॉक्टर एहसान उल हक , मोहम्मद इम्तियाज, मोहम्मद जमालुद्दीन, अमन सिंह, सन्नी कुमार, रंजीत कुमार और रॉकी को गिरफ्तार किया है. वहीं अब राजू और पंकज भी गिरफ्तार किये गए हैं.

#### अब तक कुल 29 लोग न्यायिक हिरासत में लिए

नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार किए गए 13 लोगों में आयुष राज, बिट्टू कुमार, अखिलेश कुमार, सिकंदर यादवेंदु, आशुतोष कुमार, रोशन कुमार, नीतीश कुमार, अनुराग यादव, अभिषेक कुमार, शिवनंदन कुमार, अवधेश कुमार, अमित आनंद और समस्तीपुर की एक महिला रानी कुमारी शामिल है. बाद में पटना पुलिस ने देवघर जिले के एक फार्म हाउस से पांच लोगों को गिरफ्तार किया था जिसमें चिंटू उर्फ बलदेव, मुकेश, पंकु, परमजीत और राजीव शामिल है.

## जम्मू-कश्मीर में नए न्यायाधीशों की नियुक्ति

**नयी दिल्ली, 16 जुलाई (वार्ता)** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर तथा लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन. कोटेश्वर सिंह और मद्रास उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आर. महादेवन को उच्चतम न्यायालय में नियुक्त किया गया है. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु द्वारा की गयी ये नियुक्तियां इन न्यायाधीशों के कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी. न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह, मुख्य न्यायाधीश, जम्मू और कश्मीर और लद्दाख उच्च न्यायालय और आर. महादेवन, न्यायाधीश, मद्रास उच्च न्यायालय को वरिष्ठता के उस क्रम में भारत के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया है.

## दिनदहाड़े बैंक से लूटे 7 लाख रुपए

- इंदौर के स्कीन नम्बर 54 स्थित पीएनबी में हुई लूट
- हथियार बंद युवक ने दिया घटना को अंजाम

नवभारत न्यूज़

**इंदौर. स्कीन नम्बर 54 स्थित पंजाब नेशनल बैंक में मंगलवार की शाम 4 बजकर 41 मिनट पर एक हथियारबंद बदमाश ने घटना को अंजाम दे 7 लाख लूट कर फरार हो गया.**

आरोपी ने बैंक में घुस कर कैशियर के पास पहुंच कर हवाई फायर कर धमकाया और उसे एक बैंग फैंकते हुए उसने कैशियर को बैग में रुपए डालने का कहा. इस पर कैशियर ने 7 लाख रुपए के



लगभग डाल दिए. बदमाश उक्त रकम लेकर फरार हो गया. पुलिस सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देख आरोपी का पता लगा रही है. डीसीपी अभिनय विश्वकर्मा ने बताया कि बदमाश दो की संख्या में थे, जिसमें एक बदमाश रेनकोट और चेहरे पर मॉस्क पहनकर बैंक के अंदर घुसा था. जबकि उसकी दूसरा साथी बाहर खड़ा था, लूट के बाद दोनों बदमाश बाइक से फरार हो गए, जिनकी पहचान और तलाश की जा रही है. डीसीपी ने बताया कि अब तक 7 लाख रुपए की लूट की बात सामने आई है. बदमाशों ने घटना में जो बाइक का इस्तेमाल किया वह बगैर नम्बर की थी.

#### नहीं था गार्ड

नवभारत को प्रत्यक्षदर्शी शिवम सावले ने बताया कि वह आदमी तेजी से बैंक के बाहर निकल गया तो कुछ लोग उसके पीछे भागे. उस समय बैंक में कोई भी सिक्युरिटी गॉर्ड मौजूद नहीं था.

## वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी के पिता की निर्मम हत्या

**दरभंगा, 16 जुलाई.** विकासशील इंसान पार्टी के प्रमुख मुकेश सहनी के पिता जीतन सहनी की हत्या कर दी गई है. दरभंगा जिले के बिरौल में घनश्यामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत उनके आवास पर मंगलवार सुबह क्षत-विक्षत हालत में उनकी लाश मिली है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया. आसपास के लोगों की भीड़ लग गई. लोगों का कहना है कि अपराधियों ने धारदार हथियार से वारकर हत्या की है. घर पर सारे सामान बिखरे पड़े हैं. इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई.

## तीन राज्यों में ईडी की छापेमारी

### दिल्ली, पंजाब और मध्य प्रदेश में हुई कार्रवाई

**नई दिल्ली, 16 जुलाई. ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश के अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी की है। ओएसिस ग्रुप ऑफ कंपनी से जुड़े मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड के 7 अलग- अलग ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन किया जा रहा है.**

बताया जा रहा है कि इस कंपनी पर आरोप है कि इसकी यूनिट इंडस्ट्रियल वेस्ट को बोलवेल के लिए जरिए वापस जमीन में डाल रही थी। इससे मिट्टी और ग्राउंड वॉटर दूषित हो रहा था। हालांकि यह मुद्दा संसद भवन के जीरो आवर में उठाया गया था। इस फैक्टरी के कारण हो रहे प्रदूषण के कारण आसपास के गांव के लोगों ने लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन भी किया था। कंपनी के खिलाफ ओफेन्सेस अंडर वॉटर एक्ट पीएमएलए 2002 के तहत केस दर्ज किया गया है जो पीएमएलए 2002 के तहत अपराध है। इस संबंध में ईडी ने जांच शुरु कर दी है।

विजयी जुलूस | कमलेश प्रताप शाह को विजय श्री दिलाने क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त

## सीएम डॉ. मोहन यादव ने अमरवाड़ा में किया रोड शो




**छिंदवाड़ा,16 जुलई.** सीएम मोहन यादव ने अमरवाड़ा में किया रोड शो जिसमे उप चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी कमलेश शाह को विजय दिलाने के लिए जनता का आभार देने के लिए अमरवाड़ा पहुंचे है.

प्रदेश की मुखिया मुख्यमंत्री मोहन यादव अमरवाड़ा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी राजा कमलेश प्रताप शाह को विजय श्री दिलाने के लिए विधानसभा क्षेत्र की जनता को आभार व्यक्त करने के लिए प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा के साथ अमरवाड़ा पहुंचे उन्होंने सकरवाड़ा ग्राम से अमरवाड़ा तक किया रोड शो जिसमें हजारों कार्यकर्ताओं ने फूल बरसा कर प्रदेश की मुखिया का स्वागत किया. प्रदेश के मुखिया के साथ प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा, लोकस्वास्थ्य यान्त्रिकी मंत्री संपतिया ऊईके,सांसद विवेक बंटी साहू व नवनिर्वाचित विधायक कमलेश प्रताप शाह,ने भी जनता का आभार रोड शो के माध्यम से व्यक्त किया.

#### महिलाओं की योजनाएं बंद नहीं होगी

सभा के दौरान कम मोहन यादव ने कहा कि यह उपचुनाव की जीत आप सभी कार्यकर्ताओं और आम जनता की जीत है इसमें हम सब ने मिलकर कड़ी मेहनत के बाद हर बूथ में जा जाकर पूरी लगन से कार्य किया, जिसके बाद हमें यह सफलता मिल पाई अमरवाड़ा विधानसभा में विकास कार्यों को लेकर राजा कमलेश प्रताप शाह ने सरकार से जो जो बातें रखे हैं वह सब धीरे-धीरे पूरे किए जाएंगे और इसके लिए केंद्र सरकार से भी सहयोग लिया जा रहा है. महिलाओं और बेटियों से संबंधित जो भी योजनाएं हैं वह बंद नहीं होगी. नियमित रूप से चालू रहेगी राजस्व प्रकरणों को लेकर भी हमारी सरकार सजग और सतर्क है किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो इसके लिए हम आने वाले समय में और तेज अभियान चलाएंगे ताकि किसानों के सभी कार्य समय सीमा में हो सके.

## अकादमी ने ट्रेनिंग रद्द कर पूजा खेडकर को वापस बुलाया

**मुंबई, 16 जुलाई.** विवादों में घिरीं ट्रेनी आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर पर बड़ी कार्रवाई की गई है. उनकी ट्रेनिंग को रद्द करते हुए वापस अकादमी आने के निर्देश दे दिए गए हैं. जानकारी के मुताबिक, सरकार ने पूजा खेडकर की आईएएस परिवीक्षा को स्थगित कर दिया है. उन्हें लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी में रिपोर्ट करने को कहा गया है. अतिरिक्त मुख्य सचिव नितिन गद्रे के पत्र के मुताबिक, एलबीएसएनएए, मसूरी ने आपके जिला प्रशिक्षण कार्यक्रम को स्थगित रखने और आगे कार्रवाई के लिए आपको तुरंत वापस बुलाने का फैसला किया है.